प्रेम का एक चित्र

हिंदी अनुवादक: पादरी विजय पाल सिंह

पाठ 7, अगस्त 15, 2026 के लिए

"पर अब विश्वास, आशा, प्रेम ये तीनों स्थायी हैं, पर इन में सबसे बड़ा प्रेम है।" (1 कुरिन्थियों 13:13)

1 कुरिन्थियों 13 को "प्रेम का अध्याय" कहा जाता है। यह रोमानी (प्रणय) प्रेम की परिभाषा नहीं देता, बल्कि उससे कहीं अधिक गहरे—दिव्य प्रेम—का वर्णन करता है।

पौलुस अत्यन्त सुंदर ढंग से समझाता है कि उस परमेश्वर के प्रेम को, जो हमारे हृदयों में उण्डेला गया है (रोमियों 5:5), हम अपने जीवन में कैसे प्रकट करें।

प्रेम हमारे प्रत्येक कार्य के पीछे प्रेरक शक्ति है। यही वह कारण है कि हम उन लोगों के हित के लिए कार्य करते हैं जिनके साथ हमारा संपर्क होता है।

प्रेम का एक चित्र

- प्रेम की सर्वोच्चता
  - सबसे उत्तम मार्ग
- प्रेम की विशेषताएँ
  - प्रेम क्या करता है
  - प्रेम क्या नहीं करता
  - यीशु का एक चित्र
- प्रेम की धैर्यपूर्ण अटलता
  - सब गुणों में सबसे महान

प्रेम की सर्वोच्चता

Ágape

सबसे उत्तम मार्ग

“तुम बड़े से बड़े वरदानों की धुन में रहो। परन्तु मैं तुम्हें और भी सबसे उत्तम मार्ग बताता हूँ।” (1 कुरिन्थियों 12:31)

पौलुस 1 कुरिन्थियों 13 में किस प्रकार के प्रेम का वर्णन करता है, और वह किसी भी आत्मिक वरदान से बढ़कर क्यों है? (1 कुरिन्थियों 12:31–13:3)

यूनानी भाषा में प्रेम को व्यक्त करने के लिए कई शब्द हैं। पौलुस अगापे (निःस्वार्थ, बिना शर्त और परमेश्वर के स्वभाव को प्रतिबिंबित करने वाला प्रेम, जो केवल प्रिय व्यक्ति के कल्याण की ही खोज करता है) शब्द का प्रयोग करता है। यही वही शब्द है जिसका उपयोग यूहन्ना यह कहते समय करता है कि "परमेश्वर प्रेम है" (1 यूहन्ना 4:8)।



यदि किसी भी आत्मिक वरदान का प्रयोग इस प्रकार के प्रेम की प्रेरणा से नहीं किया जाता, तो वह किसी काम का नहीं है। वास्तव में, हमारे सभी कार्यों और विचारों में अगापे प्रेम समाया हुआ होना चाहिए।

यीशु ने हमें चेतावनी दी कि अधर्म के बढ़ने के कारण यह प्रेम बहुतों में ठंडा पड़ जाएगा (मत्ती 24:12)। परन्तु हमें ऐसा अपने जीवन में, अपने परिवारों में, या अपनी कलीसियाओं में कभी नहीं होने देना चाहिए।

प्रेम की विशेषताएँ

प्रेम क्या करता है

"प्रेम धीरजवन्त है, और कृपालु है; [...]परन्तु सत्य से आनन्दित होता है। वह सब बातें सह लेता है, सब बातों की प्रतीति करता है, सब बातों की आशा रखता है, सब बातों में धीरज धरता है।" (1 कुरिन्थियों 13:4-7)

यह धीरजवन्त है	*माक्रोथ्यूमेओ:* दीर्घ-धीरज रखना, सहन करना, धैर्य रखना।	**दूसरों की गलतियों के प्रति धैर्य रखें और उन्हें सहन करें।**
यह कृपालु है	*खेस्टेयोमाइ:* भलाई करना, कृपा दिखाना।	**यह दयालु और करुणामय होता है।**
यह सत्य से आनन्दित होता है	*सुनखाइरो:* साथ आनन्दित होना, बधाई देना।	**यह उन लोगों के साथ आनन्दित होता है जो सत्य का समर्थन करते हैं।**
यह सब बातें सह लेता है	*स्टेगो:* ढाँप देना, चुपचाप सहन करना।	**यह दूसरों की कमियों को प्रकट करने के बजाय उन्हें ढाँपता है और उनके विषय में मौन रहता है।**
यह सब बातों की प्रतीति करता है	*पिस्तेओ:* विश्वास करना, भरोसा रखना, विश्वास योग्य मानना।	**यह दोष लगाने में जल्दी नहीं करता, बल्कि संदेह का लाभ देता है।**
यह सब बातों की आशा रखता है	*एल्पिज़ो:* आशा रखना, भरोसा करना।	**यह सदैव किसी अच्छी बात की आशा रखता है।**
यह सब बातों में धीरज धरता है	*हयूपोमेनो:* दृढ़ बने रहना, सहन करना, साहसपूर्वक टिके रहना, दृढ़ता से बने रहना।	**यह कठिनाइयों, परीक्षाओं और सताव को धैर्यपूर्वक सहन करता है।**

प्रेम क्या नहीं करता

"[...]प्रेम डाह नहीं करता; प्रेम अपनी बड़ाई नहीं करता, और फूलता नहीं, वह अनरीति नहीं चलता, वह अपनी भलाई नहीं चाहता, झुँझलाता नहीं, बुरा नहीं मानता। कुकर्म से आनन्दित नहीं होता [...]" (1 कुरिन्थियों 13:4-7)

यह डाह नहीं करता	*ज़ेलोओ:* प्रबल इच्छा या जलन का भाव रखना।	यह उन लोगों से ईर्ष्या नहीं करता जिनके पास अन्य वरदान या गुण हैं।
यह अपनी बड़ाई नहीं करता	*पेरपेरेयोमाइ:* डींग मारना, अपनी प्रशंसा करना।	यह दूसरों से अपनी प्रशंसा करवाने की इच्छा नहीं रखता।
यह फूलता नहीं	*फ्यूसियोओ:* फूल जाना, घमण्ड करना।	यह अपने विषय में बढ़ा-चढ़ाकर नहीं सोचता और घमण्ड नहीं करता।
यह अनरीति नही चलता	*अस्केमोनेओ:* अनुचित या अशोभनीय व्यवहार करना।	यह सामाजिक और नैतिक मर्यादाओं के विरुद्ध आचरण नहीं करता।
यह अपनी भलाई नहीं चाहता	*ज़ेटेओ:* खोज करना, तलाश करना।	यह दूसरों के हित के लिए अपने अधिकारों का त्याग करता है।
यह झुँझलाता नहीं	*पारॉक्स्यूनो:* उत्तेजित करना, क्रोधित करना, भड़काना।	यह न तो शीघ्र क्रोधित होता है और न ही अत्यधिक संवेदनशील होता है।
यह बुरा नहीं मानता	*लोगिज़ोमाइ:* हिसाब रखना, लेखा गिनना।	यह मिली हुई ठेस और अपराधों को क्षमा कर देता है और उनका हिसाब नहीं रखता।
यह कुकर्म से आनन्दित नहीं होता	*खाइरो:* आनन्दित होना, प्रसन्न होना।	यह किसी की गलती या अधर्म से प्रसन्न नहीं होता, बल्कि उसे सुधारने की इच्छा रखता है।

यीशु का एक चित्र

"मेरी आज्ञा यह है, कि जैसा मैं ने तुम से प्रेम रखा, वैसा ही तुम भी एक दूसरे से प्रेम रखो।" (यूहन्ना 15:12)

उसने मार, अपमान और तिरस्कार को सह लिया (मत्ती 27:27-31)।

वह धीरजवन्त है

उसने हर उस व्यक्ति पर दया की जो दुःख और पीड़ा में था।

वह कृपालु है

उसने सत्य को स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ सिखाया।

वह सत्य से आनन्दित होता है

उसने पापिनी स्त्री को दोषी नहीं ठहराया, बल्कि उसे क्षमा प्रदान की (यूहन्ना 8:10-11)।)

वह सब बातें सह लेता है

उसने जक्कई की सच्चाई और मन-परिवर्तन पर विश्वास किया (लूका 19:8-9)।

वह सब बातों की प्रतीति करता है

उसने बारह व्यक्तियों को एक ऐसे मिशन के लिए तैयार किया जो मानवीय दृष्टि से असम्भव प्रतीत होता था।

वह सब बातों की आशा रखता है

उसने भूख, अस्वीकृति, पीड़ा और सताव को धैर्यपूर्वक सहन किया।

वह सब बातों में धीरज धरता है

यीशु का एक चित्र

"मेरी आज्ञा यह है, कि जैसा मैं ने तुम से प्रेम रखा, वैसा ही तुम भी एक दूसरे से प्रेम रखो।" (यूहन्ना 15:12)

उसने सम्मान और प्रतिष्ठा की खोज नहीं की, बल्कि दीन और नम्र लोगों के साथ संगति की।

वह डाह नहीं करता

यद्यपि वह समस्त ब्रह्माण्ड का राजा था, फिर भी उसने कभी इसका घमण्ड नहीं किया।

वह अपनी बड़ाई नहीं करता

वह सबसे नम्र कार्य करने के लिए भी तैयार था।

वह फूलता नहीं

उसने प्रत्येक व्यक्ति के साथ शिष्टता और मर्यादा का व्यवहार किया।

वह अनरीति नहीं चलता

उसने सदैव अपने पिता की इच्छा पूरी की (यूहन्ना 6:38)।

वह अपनी भलाई नहीं चाहता

जब लोगों ने उसे मारा भी, तब भी उसने शिष्टता और संयम से उत्तर दिया (यूहन्ना 18:22-23)।

वह झुँझलाता नहीं

उसने उन लोगों के लिए भी क्षमा की प्रार्थना की जिन्होंने उसे क्रूस पर चढ़ाया (लूका 23:34)।

वह बुरा नहीं मानता

उसने अन्यायी फरीसियों को कठोर शब्दों में डाँटा (मत्ती 23:27-28)।

वह कुकर्म से आनन्दित नहीं होता

प्रेम की
धैर्यपूर्ण अटलता

सब गुणों में सबसे महान

"पर अब विश्वास, आशा, प्रेम ये तीनों स्थायी हैं, पर इन में सबसे बड़ा प्रेम है।" (1 कुरिन्थियों 13:13)

कुरिन्थुस के विश्वासी अपने व्यवहार से यह प्रकट कर रहे थे कि प्रेम क्या नहीं करता। वे ईर्ष्या करते थे, अपनी बड़ाई करते थे, घमण्ड करते थे, अनुचित व्यवहार करते थे, स्वार्थी थे, शीघ्र क्रोधित हो जाते थे, मन में बैर रखते थे, और पाप को सहन करते थे।।

उनकी तरह हमें भी इन दोषों को छोड़ देना चाहिए और पौलुस की शिक्षा के अनुसार प्रेम के गुणों में बढ़ना चाहिए, ताकि हम आत्मिक वरदानों का सही उपयोग कर सकें। वह हमें दो अन्य गुणों—विश्वास और आशा—में भी स्थिर बने रहने के लिए प्रोत्साहित करता है।



जब यीशु आएगा, तब पाप का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा, और हम उसके साथ अनन्त जीवन का आनन्द उठाएँगे। तब भविष्यद्वाणी, अन्य भाषाएँ, और अन्य आत्मिक वरदानों की, यहाँ तक कि विश्वास और आशा की भी आवश्यकता नहीं रहेगी। परन्तु प्रेम सदा बना रहेगा (1 कुरिन्थियों 13:8)।

“परमेश्वर प्रेम है। पिता और पुत्र का प्रेम प्रत्येक विश्वासी का गुण होना चाहिए। परमेश्वर का वचन वह माध्यम है जिसके द्वारा दिव्य प्रेम मनुष्य तक पहुँचाया जाता है। परमेश्वर का सत्य वह साधन है जिसके द्वारा बुद्धि तक पहुँचा जाता है। पवित्र आत्मा उस मनुष्य को दिया जाता है जो दिव्य शक्तियों के साथ मिलकर कार्य करता है। वह मन और चरित्र को परिवर्तित करता है, जिससे मनुष्य उस अदृश्य परमेश्वर को मानो देखते हुए धीरजपूर्वक स्थिर बना रहता है। पूर्ण प्रेम का अनुभव केवल सत्य पर विश्वास करने और पवित्र आत्मा को ग्रहण करने के द्वारा ही किया जा सकता है।”

ई जी व्हाइट (हमारा पिता हमारी चिन्ता करता है, 9 अक्तूबर)